आकाशवाणी शिमला

12.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

अनुराग ठाकुर

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व 6 सीटों के विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार लगातार तेज़ हो रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व केन्द्रीय मंत्री और हमीरपुर से पार्टी उम्मीदवार अनुराग सिंह ठाकुर ने चुनाव प्रचार की कड़ी में आज हमीरपुर में आधा दर्जन से अधिक जनसभाएं कीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव के बाद नरेन्द्र मोदी सरकार की हैट्रिक में भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनकर उभरेगा। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि इन चुनावों में कांग्रेस की हार तय है और कांग्रेस हार का ठीकरा ई.वी.एम. पर फोड़ने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष लोगों को गुमराह करता है लेकिन आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में रोज़गार बढ़ा है और बेरोज़गारी दर घटी है।

भाजपा रैली

शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सुरेश कश्यप कल शिमला में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन से पूर्व भाजपा ने आज शहर के चौड़ा मैदान में रोड शो किया। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। अपने संबोधन में राजीव बिंदल ने जहां केन्द्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं वहीं कांग्रेस को बेइमान पार्टी करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार चुनाव में किए गए वायदों को अभी तक पूरा नहीं कर पाई है। इस अवसर पर जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में दुख की सरकार चल रही है और ये सरकार जनता की नज़र में गिर गई है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल में भारत ने एक ऐतिहासिक विकास यात्रा देखी है जिसे आगे भी जारी रखना ज़रूरी है। पार्टी प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने भी जनसभा को संबोधित किया और देश में एकबार फिर मोदी सरकार बनने का दावा किया।

मुख्यमंत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के ज्वालामुखी में चुनाव प्रचार किया। खुंडियां में एक जनसभा में उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार को कोई खतरा नहीं है और सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि ये चुनाव लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है जिसे कांग्रेस पार्टी अकेले नहीं लड़ सकती है लेकिन जनबल के सहारे पार्टी द्वारा धनबल को जवाब दिया जाएगा। भाजपा पर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने नोट के दम पर सरकार को गिराने का षड्यंत्र रचा और उनके इस्तीफे की भी अफवाहें फैलाई गईं। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के चोर दरवाज़ों को बंद कर 15 महीने में 2 हज़ार 2 सौ करोड़ रूपए का अतिरिक्त राजस्व कमाया है। कांगड़ा से कांग्रेस उम्मीदवार आनन्द शर्मा सहित अन्य नेता इस दौरान मौजूद रहे।

हर्ष महाजन

भाजपा नेता व राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा है कि डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश कांग्रेस सरकार पूरी तरह विफल रही है। चम्बा में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार जहां एक ओर आर्थिक तंगी होने का हवाला दे रही है वहीं सरकार ने फिजूलखर्ची करते हुए कई ओ.एस.डी., सलाहकार व सी.पी.एस. नियुक्त किए हैं जिन पर प्रतिमाह लाखों रूपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चम्बा ज़िले में भी विकास कार्य ठप्प हुए हैं और तबादला उद्योग पनपा है।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने चुनावों को स्वतंत्र व निष्पक्ष ढंग से निपटाने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया में जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों से ईमानदारी व कर्त्तव्यनिष्ठा से कार्य करने को कहा है। केलंग

में एक बैठक के दौरान उन्होंने चुनाव अधिकारियों को चुनावी खर्च से संबंधित सभी घटकों की पूरी गहनता से जांच करने और निगरानी दस्तों का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। लाहौल–स्पीति के उपायुक्त व ज़िला निर्वाचन अधिकारी राहुल कुमार ने कहा कि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए ज़िले में सभी ज़रूरी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि ज़िले में पहली जून को लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए 92 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 25 हज़ार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

जागरूकता

प्रदेश के अन्य ज़िलों सहित सोलन में भी मतदाताओं को जागरूक कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उपायुक्त व ज़िला निर्वाचन अधिकारी मनमोहन शर्मा ने कंडाघाट के बगेटू गांव में शतायु मतदाता को सम्मानित कर वोट के लिए घर–घर आमंत्रण व हस्ताक्षर अभियान शुरू किया। उन्होंने नागरिकों, विशेषकर युवाओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया।

अभियान

युवा पीढ़ी को वनों के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए चम्बा ज़िले के डलहौजी वन मंडल ने विशेष कैच द यंग अभियान शुरू किया है। इसके तहत वन मंडल डलहौजी के विभिन्न सरकारी, निजी स्कूलों और कॉलेजों के करीब 30 हज़ार विद्यार्थियों को जंगल की आग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। डलहौजी के वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन ने बताया कि पौधरोपण और वन संरक्षण के प्रति युवा पीढ़ी के प्रयासों से भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम आने की अपेक्षा है।

....